>

Title: Request to vaccinate people above the age of 18 years for corona virus.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): सभापति महोदय, धन्यवाद । देशभर में महाराष्ट्र राज्य सबसे ज्यादा कोरोना से प्रभावित है । कल महाराष्ट्र में करीब 25 हजार 800 कोरोना के मरीज मिले थे । महाराष्ट्र राज्य के आरोग्य मंत्री ने दो दिन पहले केन्द्र सरकार से बात करके ज्यादा वैक्सीन देने की मांग की है । केन्द्र सरकार ने 71 देशों को लगभग 6 हजार करोड़ वैक्सीन दिए हैं, जबकि महाराष्ट्र राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित है । मैं पुणे जिले से आता हूँ । मेरा संसदीय क्षेत्र पिंपरी चिंचवड पुणे और पुणे ग्रामीण में लगभग एक करोड़ की जनसंख्या है । केन्द्र सरकार ने घोषणा की है कि 45 से अधिक की उम्र के लोगों को वैक्सीन दी जाएगी । उन लोगों की पुणे जिले में कुल जनसंख्या करीब 73 लाख है । अगर भारत सरकार से ज्यादा से ज्यादा वैक्सीन मिल जाए तो निश्चित रूप से महाराष्ट्र में कोरोना का प्रभाव कम हो जाएगा । मैं आपके द्वारा केन्द्र सरकार से मांग करता हूँ कि अगर महाराष्ट्र में 18 साल से ऊपर के सभी लोगों को वैक्सीन दी जाती है तो कोरोना का प्रभाव काफी कम हो जाएगा । आज महाराष्ट्र राज्य कोरोना से जूझ रहा है, वह भी कम हो जाएगा ।